भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 4603

उत्तर देने की तारीख: 22.07.2019

गुणवत्तापरक शिक्षा हेतु निवेश

4603. श्री वी॰ के॰ श्रीकंदनः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन और समावेशन कार्यक्रम में अगले पाँच वर्षों के दौरान 1.5 लाख करोड़ का निवेश होगा;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त मांगों में से अधिकतर बाजार से पूरी होंगी; और

(घ) यदि हां, तो इसे बाजार से जुटाने हेतु सरकार की योजना क्या है?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) से (घ): सरकार को शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन एवं समावेशन कार्यक्रम (ईक्यूयूआईपी) के तहत 10 विशेषज्ञ समूहों से संस्तुतियां प्राप्त हुई हैं। इन संस्तुतियों को सुझावों और टिप्पणियों हेतु राज्य सरकारों और भारत सरकार के अन्य संबंधित विभागों को भेजा गया है। भारत सरकार ने संस्तुतियों, उनके संभावित वित्तीय निहितार्थों और निधियन स्रोत पर अंतिम निर्णय नहीं लिया है।

****